Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding revival of mica industry in Giridih and Kodarma districts of Jharkhand.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कोडरमा की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं । कोडरमा और गिरिडीह जिला जो झारखंड प्रदेश में हैं, दोनों ही जिले अभ्रक के लिए फेमस हैं । देश का सबसे ज्यादा अभ्रक इन्हीं दो जिलों में पाया जाता है । मैं आपको बताना चाहती हूं कि आप सभी ने झुमरी तलैया के बारे में सुना होगा । झुमरी तलैया फरमाइशी गानों को लेकर काफी फेमस था । अभी वह माइका की वजह से भी फेमस है और वह मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है । आज माइका की चमक बिल्कुल फीकी होती जा रही है । विश्व का 25 प्रतिशत और पूरे देश का 75 प्रतिशत माइका कोडरमा और गिरिडीह में पाया जाता है । आज उसकी स्थिति बदतर हो गई है । उसमें लाखों मजदूर काम करते हैं, लेकिन उसकी स्थिति काफी खराब है । उससे काफी सारे सामान बनते हैं । उसका कॉस्मेटिक्स में इस्तेमाल होता है, पेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम उत्पाद, प्लास्टिक, स्याही, इंसुलेशन, ऊर्जा इत्यादि, उससे अनेक प्रकार की वस्तुएं बनती हैं, जिनका निर्यात जापान, कोरिया, चीन एवं अमेरिका में होता है । उसमें से करोड़ों रुपये सरकार को भी मिलते हैं । आज उसकी स्थिति काफी दयनीय है । उससे संबंधित सभी रोजगार बंद हो गए हैं, जो फैक्ट्री हैं, वे भी बंद हो गए हैं । इसलिए, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह आग्रह करना चाहती हूं कि उस उद्योग को पुनर्जीवित किया जाए । इसके साथ ही उससे जुड़े हुए लाखों लोगों को जो जीविका और रोजगार मिलता था, उन्हें भी पुनर्जीवित किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. निशिकांत दुबे को श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर परिवहन मंत्री जी व राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : किसी ने बताया नहीं, आज से ही जो नया शुरू किया है । स्क्रीन पर सदस्य का नाम व टाइम आ रहा है । अब इसको नीचे कर देंगे । इसमें सदस्य का नाम व लोक सभा क्षेत्र का नाम आएगा । आपने लोक सभा को बधाई नहीं दी ।

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, इसको नीचे किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : सुमेधानन्द जी, एक मिनट । आप सब की सलाह से इसको नीचे करेंगे । सब का नाम आएगा, लोक सभा क्षेत्र का नाम आएगा । आपकी व्यवस्था के लिए समय भी आएगा ताकि दादा अपने समय से ज्यादा नहीं बोल सकें ।

श्री सुमेधानन्द सरस्वती ।